जागरण

Ambala Fake Cosmetic Factory: नकली कॉस्मेटिक के कारोबार का हुआ भंडाफोड़, बनता था इस नामी कंपनी का डुप्लीकेट प्रोडक्ट

जागरण संवाददाता, अंबाला। तीन दिन पहले हिंदुस्तान यूनिलीवर के नकली कॉस्मेटिक का सामान बरामद हुए तीन दिन हो चुका है लेकिन इस खेल का मास्टरमाइंड अन्य तीन आरोपी फरार हैं।

पड़ाव थाना पुलिस ने हिंदुस्तान यूनिलीवर के प्रतिनिधि मनोज वर्मा गुरुग्राम की शिकायत पर सुरेश उर्फ गोगी, आदर्श अरोड़ा, नीरज, दिनेश के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बताया जाता है कि सुदेश उर्फ गोगी पर पहले भी नकली कॉस्मेटिक उत्पाद बनाने का मामला दर्ज है।

पुलिस ने भारी मात्रा में मोहड़ा स्थित गोदाम से नकली कास्मेटिक सहित केमिकल युक्त साल्यूशन, पैकिंग मेटीरियल, मशीनें आदि बरामद की हैं। पुलिस ने जब मोहड़ा स्थित नमकीन फैक्ट्री में छापा मारा तो यहां से भारी मात्रा में नकली कास्मेटिक उत्पाद बरामद हुए।

तैयार माल के अलावा यहां पर केमिकल मिले साल्यूशन के 22 ड्रम, सात बड़े ड्रम, एक आटोमेटिक रीफिल मशीन, दो बेल्ट मशीन, एक लैमिनेशन मशीन, 850 खाली गत्ता पेटी, 12 बैग खाली बोतल (प्रत्येक बैग में 450 बोतल), एक रोल रैपर, आठ पैकिंग रोल आदि बरामद किए थे। इसके अलावा ग्लूकोज़ के डिब्बे भी बरामद हुए हैं। इन की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है।

Source: https://www.jagran.com/haryana/ambala-fake-cosmetic-items-of-hindustan-unilever-recovered-in-ambala-police-registered-case-23729547.html